सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

शुक्रवार 04.10.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 167

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### कांकों में सड़क के किनारे मिला बम पहुंची पुलिस



**कतरास।** रामकनाली ओपी क्षेत्र के 8 लेन सड़क के किनारे झाड़ी में गुरुवार को एक जिंदा बम मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बम को निष्क्रिय किया। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। कांको स्थित जनशक्ति दल के अध्यक्ष सूरज महतो के प्रधान कार्यालय जाने वाले मार्ग के किनारे बम रखा हुआ था। उस रास्ते से गुजर रहे राहगीरों की नजर बम पर पड़ी। बता दें कि बीते दिनों जमीन विवाद को लेकर जनशक्ति दल समर्थक तथा यूथ फोर्स समर्थकों के बीच झड़प हुई थी। ओपी प्रभारी मंगल हेम्ब्रम ने कहा कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### कतरास में मेडिकल दुकान के पास खड़ी बाइक की चोरी

**कतरास।** पंचगढ़ी-राजगंज मार्ग पर सब्जी पट्टी के पास से देवग्राम निवासी छोटेलाल महतो की बाइक संख्या जेएच 10 बीजी 3775 चोरी हो गई। भुक्तभोगी ने कतरास थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि राजगढ़िया मेडिकल के सामने बाइक खड़ी कर सामान ले रहा था। पांच मिनट के ाद लौटा तो बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चला।

### चिरकुंडा मारवाड़ी महिला समिति ने मनाई अग्रसेन जयंती

**मैथन।** चिरकुंडा मारवाड़ी महिला समिति, चिरकुंडा द्वारा शाखा भवन में गुरुवार को अग्रसेन जयंती मनाई गई। इस मौके पर बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस व डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 25 बच्चों ने भाग लिया। सफल बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।मौके पर शाखा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, भगवती रूंगटा, ललिता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, सुमित्रा अग्रवाल, कुसुम खरकिया आदि मौजूद थी।

### अवैध खनन पर रोक के लिए पंसस ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**मैथन।** ईसीएल मुगमा एरिया के बंद कापासारा आउटसोर्सिंग में बाहरी मजदूरों से अवैध खनन कराया जा रहा है, जिससे आये दिन बड़ी दुर्घटना हो रही है। इस पर रोक लगाने के लिए पंसस रंजन सिंह ने बुधवार को धनबाद डीसी, एग्यारकुंड सीओ कृष्ण कुमार मरांडी एवं निरसा एसडीपीओ रजत मणी बाखला को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि कापासारा आउटसोर्सिंग के आस-पास के भट्ठा संचालक द्वारा बाहर से सैकड़ों मजदूर लाकर धड़ल्ले से अवैध खनन कराया जा रहा है। हालत यह है कि आउटसोर्सिंग में लगातार भू-धंसान की घटना हो रही है। बंगाल-बिहार धौड़ा की ओर भू-धँसान का दायरा बढ़ता जा रहा है। धौड़ा को काफी ज्यादा नुकसान हो रहा है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई नहीं होने पर एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

# राजमार्गों के निर्माण में खदान के कचरे का हो सकता है उपयोग

**देश के विभिन्न भागों से आए विशेषज्ञों का मत, कोल कैपिटल में जुटे एक्सपर्ट अभियंता**

विशेष संवाददाता

**धनबाद।** देश में राजमार्गों के निर्माण में खनन कचरे का भी उपयोग किया जा सकता है। औद्योगिक अवशेष भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। कम लागत और अधिक उपलब्धि। यह मानना है देश के विभिन्न हिस्सों से कोल कैपिटल में जुटे सिविल इंजीनियरिंग विशेषज्ञों का। राजमार्ग निर्माण में औद्योगिक और खदानों के कचरे के मूल्यांकन पर एक दिवसीय तकनीकी सेमिनार के लिए आईआईटी (आईएसएम) में जुटे तकनीकी विशेषज्ञों ने राजमार्ग की निर्माण सामग्री के रूप में औद्योगिक और खदान कचरे के अवसरों और चुनौतियों में नवीनतम सफलताओं का पता लगाया इंडियन जियोटेक्निकल सोसाइटी, (आईजीएस) धनबाद चैप्टर द्वारा केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित सेमिनार का उद्घाटन सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान के प्रो. मनोरंजन परिदा ने किया । सेमिनार में चार प्रमुख संबोधन देखे गए, जिनमें से एक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, प्रमुख जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग और वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीआरआरआई नई दिल्ली द्वारा सड़क निर्माण के लिए औद्योगिक अपशिष्ट सामग्री पर; दूसरा ओडिशा रोड्स एंड फेरोक्रोम स्लैगः ए ग्रीन रिप्लेसमेंट फॉर नेचुरल एग्रीगेट्स पर था।प्रो. सौमिया चावला, एसोसिएट प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ने अपने मुख्य भाषण के दौरान ₹जियोसिंथेटिक्स का उपयोग करके परिवहन अवसंरचना में संभावित भू-सामग्री के रूप में के बारे में बात की।स्मृति सौरव महापात्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ने ₹कम मात्रा में सड़क निर्माण के लिए कोयला खदान ओवरबर्डन सामग्री की व्यवहार्यता की खोज₹ विषय पर अपना मुख्य भाषण दिया।



### अनुसंधान और विकास परियोजनाओं की दी गई जानकारी

उद्घाटन भाषण के दौरान मुख्य अतिथि प्रो मनोरंजन परिदा ने केंद्रीय सड़क अनुसंधान संगठन, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की एक प्रमुख अनुसंधान प्रयोगशाला, इसके अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के बारे में बताया। प्रो शरत दास, डीन फैकल्टी, आई. आई. टी. (आईएसएम), जो आई. जीएस धनबाद चैप्टर के अध्यक्ष भी थे, ने अपने संबोधन के दौरान सेमिनार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जैसा कि हमारा उद्देश्य बुनियादी ढांचे के विकास और औद्योगीकरण में विस्तार करना है, एक समग्र दृष्टिकोण राजमार्ग निर्माण सामग्री के रूप में औद्योगिक और खनन कचरे का मूल्यांकन करने में निहित है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रो श्रीनिवास पासुपुलेती ने इतिहास और चल रहे पाठ्यक्रमों और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग, जल संसाधन इंजीनियरिंग और परिवहन इंजीनियरिंग जैसे विशेषज्ञताओं के बारे में बताया।

### एमओयू पर हुआ हस्ताक्षर

इससे पहले आईआईटी (आईएसएम) के प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में कोलव रेटीव रिसर्च एंड डेवलपमेंट वर्क के लिए आईआईटी (आईएसएम) धनबाद और केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान धनबाद के बीच एक एमोयू पर भी हस्ताक्षर किए गए। जिसके दौरान प्रो. सुकुमार, निदेशक आईआईटी (आईएसएम) प्रो सागर पाल, डीन, आर एंड डी और प्रो श्रीनिवास पासुपुलेटी, एचओडी, सिविल इंजीनियरिंग ने आईआईटी (आईएसएम) और प्रो. मनोज परिदा के नेतृत्व वाली टीम ने सीएसआईआर-सीआरआरआई का प्रतिनिधित्व किया।

## नगर निगम ने साफ कराया सिंदरी गणेश पूजा मैदान



**खबर मन्त्र असर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** दैनिक अखबार खबर मन्त्र में गुरुवार को छपी शीर्षक स्वच्छता अभियान की खिल्ली उड़ा रहा गणेश पूजा मैदान में गंदगी का अंबार पर धनबाद नगर निगम रेस हो गया है। नगर निगम सिंदरी अंचल के कर्मी मैदान की सफाई में जुट गए हैं। गणेश पूजा मैदान में बिखरे जूठे पत्तल व ग्लास आसपास के लोगों के लिए परेशानियों का सबब बन गया था। धनबाद नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने खबर छपने के बाद पूरे गणेश पूजा मैदान की सफाई शुरू करा दी है। वार्ड 55 के सुपरवाइजर सत्येंद्र मरांडी ने बताया कि सिर्फ गांधी जयंती पर नहीं, पूरे वर्ष साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। सिंदरी गणेश पूजा मैदान में कमेटी को भी ध्यान देना चाहिए था। वैसे सफाई कर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही मैदान को साफ कर दिया जाएगा।

**एक नजर में**

### धनबाद महिला पुलिस को हिमाचल के डीजीपी ने दिया चलंत शौचालय



**धनबाद।** हिमाचल प्रदेश के डीजीपी डाअतुल वर्मा ने गुरुवार को स्वाका एनजीओ के सौजन्य से धनबाद महिला पुलिस कर्मियों के लिए चलंत शौचालय प्रदान किया। पुलिस लाइन धनबाद में उन्होंने शौचालय समर्पित किया। इस अवसर पर डीजीपी ने कहा कि जल्द ही जवानों के लिए ओपन जिम की भी व्यवस्था कराएंगे। उन्होंने कहा कि धनबाद उनका गृह जिला रहा है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा धनबाद डीनोबिली से पूरी की है। इस अवसर पर एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि डीजीपी डॉ अतुल वर्मा का यह प्रयास सरहानीय है। महिला पुलिस कर्मियों को 8 से 10 घंटे तक बाहर रहकर ड्यूटी करनी पडती है। ऐसे में यह चलन्त शौचालय उनके लिए सुविधा जनक होगी। मौके पर डीजीपी और एसएसपी की पत्नी के अलावा ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी समेत सभी डीएसपी मौजूद थे।

### देवी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**मैथन।** कुमारधुबी के शिवलीबाड़ी मुंडाधौड़ा स्थित नव निर्मित देवी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का नेतृत्व मुखिया अनामिका देवी ने किया। मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकल कर जीटी रोड से कालीमंडा, मैथन मोड़, कुमारधुबी चौक, तालडांगा होते हुए बराकर नदी घाट पहुंची। पूजा अर्चना के बाद 551 महिला श्रद्धालु कलश में जल भरकर पुनः देवी मंदिर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश की स्थापना की गई। शुक्रवार को भंडारा के साथ दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का समापन होगा। इस अनुष्ठान को सफल बनाने में मुखिया पति संजय यादव, बुबाई घोष, विक्की पासवान, छोटू पासवान, संजीत यादव, सतेन्द्र यादव, हरि कुमार आदि जुटे हुए हैं।

# जेएलकेएम 69 सीटों पर लड़ेगा विधानसभा चुनाव

**पहली सूची जारी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो ने नई राजनीतिक पारी की शुरुआत कर दी है। गुरुवार को सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि पार्टी का नाम झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) है। आगामी विधानसभा चुनाव उनकी पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। राज्य की 81 विधानसभा सीट में 69 सीट पर जेएलकेएम अपना उम्मीदवार उतारेगा। अच्छे उम्मीदवार मिलते हैं तो यह संख्या बढ़ भी सकती है। छह विधानसभा सीट के प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी गई है, जिसमें डुमरी, जमुआ, राजमहल, तमाड़, सरायकेला और छतरपुर शामिल हैं। उन्होंने बाताया कि डुमरी से वह स्वंय प्रत्याशी होंगे। दूसरी सूची भी जल्द जारी की जाएगी। महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी पर मंथन चल रहा है। उन्होंने कहा पार्टी उत्तरी छोटानागपुर की सभी 25 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। टुंडी,गोमिया, बेरमो बाघमारा और मांडू भी उनकी पसंदीदा सीटों में से है। जयराम महतो ने कहा कि आचार संहिता से पहले पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी कर देगी। धनबाद से चुनाव लड़ने के संबंध में उन्होंने कहा कि यहां विस्थापन, बेरोजगारी जैसे कई गंभीर मुद्दे हैं। पार्टी इन मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी। बहुत जल्द ही धनबाद जिले की सीटों पर लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक अमित महतो को सिल्ली से पार्टी लड़ाना चाहती है और इसपर बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी किसी के साथ गठबंधन नहीं करने जा रही है। अपने दम पर चुनाव लड़ेंगे और जीत कर भी आयेंगे। उन्होंने कहा कि विधान सभा के चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़े जाते हैं। अब तक जितनी भी पार्टियों ने राज्य की सत्ता हासिल की है, सबने जनता को ठगने का ही काम किया है। अब जनता इनसभी दलों से आजिज आ चुकी है और बदलाव चाहती है।

### राजगंज में कलश स्थापन के साथ दुर्गा पूजा शुरू

**राजगंज।** राजगंज में शारदीय नवरात्र पूजा कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हो गई। साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमा दर्शन के लिए खोल दी गई। बताते चले कि राजगंज में दुर्गा पूजा के प्रथम दिन ही प्रतिमा आम जनों के दर्शन के लिए खोल दी जाती है। मुख्य पूजा राजगंज के दुर्गा मंदिर में की जाती है जबकि हटिया मैदान में भव्य पंडाल भी बनाया जाता है। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष मधु प्रसाद साव, कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप अड्डी, सचिव रविंद्र दे, जीतू विश्वकर्मा, उत्तम स्वर्णकार, उत्तम गोराई,विनोद चौरसिया, प्रदीप दे, सुदाम चंद्र अड्डी शामिल हैं।

**शांति समिति की बैठक**



## दुर्गा पूजा में हुड़दंगियों पर रहेगी नजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पूर्वी टुंडी।** दुर्गा पूजा को लेकर पूर्वी टुंडी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक पुलिस निरीक्षक साजिद हुसैन,की अध्यक्षता में हुई। संचालन समाज सेवी अजीत मिश्रा ने किया। बैठक में पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य सहित समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दलों के लोग भी मौजूद थे। बैठक में पोखरिया पूजा समिति के अध्यक्ष काजल कुमार ने पंडुवा बेजडा घाट से आने जाने वाले बड़े वाहनों के लिए रूट चेंज करने तथा पुलिस बैरिकेडिंग लगाने की मांग की। बड़ी गाड़ियों को शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक उच्च विद्यालय पोखरिया के रास्ते आने जाने की व्यवस्था करने को कहा गया। पोखरिया में अष्टमी, नवमी, दशमी तीन दिन का मेला लगाया जाता है। लटानी पूजा समिति के अध्यक्ष दिलीप मंडल ने लटानी चौक के पास पुलिस बैरिकेडिंग लगाने की मांग की। थाना प्रभारी मदन चौधरी ने कहा कि शराब पीने वालों पर खास नजर रखी जाएगी। क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ा दी जाएगी। सभी पूजा समिति से हुडदंग करने वाले लोगों पर नजर रखने एवं पुलिस को सूचना देने को कहा गया। पूजा पंडाल में सीसीटीवी लगाने का भी निर्देश दिया गया।

# ऊर्जा परिवहन के नए साधनों पर शोध जरूरी

**आई एस एम में देश-विदेश के जुटे साइंटिस्ट**

विशेष संवाददाता




**धनबाद।** भारतीय खनि विद्यापीठ के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्र ने आज यहां कहा कि ऊर्जा परिवहन के नए साधनों का पता शोध द्वारा लगाने की आवश्यकता है। प्रो. मिश्र आज यहां इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ ड्रिलिंग कॉन्ट्रैक्टर्स (आईएडीसी) के छात्र चैप्टर के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम आईआईटी (आईएसएम) के स्वर्ण जयंती व्याख्यान कक्ष में आयोजित था जिसमे देश -विदेश के विभिन्न हिस्सों के विशेषज्ञ शामिल हुए। समारोह में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में वृद्धि और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) आदि के बीच संतुलन सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई और आईएडीसी के इतिहास और गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों के विशेषज्ञों ने आज प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में वृद्धि और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) आदि के बीच संतुलन सहित कई मुद्दों पर इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ ड्रिलिंग कॉन्ट्रैक्टर्स (आईएडीसी) के छात्र चैप्टर के उद्घाटन के अवसर पर विचार मंथन किया। समारोह का उद्घाटन श्री ओ पी सिंह, निदेशक, प्रौद्योगिकी और क्षेत्र सेवा ओएनजीसी; श्री लार्स निडहल जॉर्जेनसन, क्षेत्रीय निदेशक, आईएडीसी, डेनमार्क; श्री नीलाद्री मित्रा, मुख्य सलाहकार, मैकडरमोट इंटरनेशनल लिमिटेड; श्री अरुण कार्ले, अध्यक्ष, अस्कारा समूह; और प्रो. सुकुमार मिश्रा, निदेशक, आईआईटी आईएसएम द्वारा किया गया। प्रो मिश्र ने कहा, ऊर्जा क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण सोर्स और कंस्यूमर के एक स्थान में होने में निहित है, और यदि दोनों एक ही स्थान पर या उसके पास स्थित हैं, तो लगभग 99% समस्या हल हो जाएगी, लेकिन भारतीय संदर्भ में हमें जनसंख्या घनत्व जैसे कारकों को देखना होगा, जो अमेरिका या किसी अन्य यूरोपीय देशों की तुलना में बहुत अधिक है, और इस प्रकार हम 20-30% से अधिक आबादी को ऊर्जा प्रदान नहीं कर सकते हैं।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा, प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत विकास के प्रमुख संकेतकों में एक है। जैसे-जैसे हम विकास आवश्यकताओं के अनुसार अपनी गतिविधियों को बढ़ाते हैं, प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत बढ़नी तय है, लेकिन हमें इसे स्थायी तरीके से करना होगा ताकि यह हमारी अगली पीढ़ी को प्रभावित न करे। प्रो. मिश्रा ने कहा, ₹इसे प्राप्त करने के लिए, संयुक्त राष्ट्र द्वारा परिभाषित कई एसडीजी लक्ष्य हैं, और इन लक्ष्यों में से हम कई लक्ष्यों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने सभा से सवाल किया क्या हम ऊर्जा परिवहन की क्वांटम विधि पा सकते हैं? उन्होंने कहा कि हालांकि यह सब भाषाई रूप से बहुत आसान लगता है, परन्तु वास्तव में में यह मुश्किल है, और मुझे खुशी है कि इनमें से कई मुद्दों पर इस समुदाय द्वारा ध्यान दिया गया है।

### मुंडाधौड़ा के लोगों ने की सीओ के खिलाफ झामुमो के धरना-प्रदर्शन की निंदा



**मैथन।** एग्यारकुंड मुंडाधौड़ा के लोगों ने बुधवार को बैठक कर एग्यारकुंड सीओ के विरुद्ध झामुमो के धरना-प्रदर्शन की कड़ी निंदा की है। कहा कि कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिये आदिवासी सीओ को बदनाम करने में लगे हैं। आज तक किसी सीओ ने निडर होकर इस क्षेत्र में काम नहीं किया, परंतु इस सीओ ने पहली बार गरीब आदिवासी परिवार को घर बनाने के लिये साढ़े तीन डिसमिल जमीन की बंदोबस्ती की है। शेष सरकारी जमीन पर और भी भूमिहीन आदिवासी परिवार को चिह्नित कर बसाने का आश्वासन दिया है। परंतु उस जमीन पर भू-माफिया की नजर है व अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। सीओ द्वारा जमीन दखल करने का प्रयास विफल कर दिया गया है। इसलिये भू-माफिया के इशारे पर ही अंचल कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया।

स्पीड न्यूज

## कनकनी मैगजीन ग्राउंड के पास अवैध मुहाने की भराई

**लोयाबाद।** कनकनी मैगजीन ग्राउंड के पास अवैध मुहाने की भराई बुधवार को करायी गयी। बता दें कि धंधेबाजों ने अवैध खनन के लिए मुहाना खोल दिया था। सीआईएसफ की मौजूदगी में सिजुआ क्षेत्र की प्रबंधकीय टीम ने यह कारवाई की।

## सिक्योरिटी गार्ड पर हमले में पुलिस की निष्क्रियता का आरोप

**जोड़ापोखर।** टाटा स्टील जामाडोबा में कार्यरत एसईएस ( रक्ष ) सिक्योरिटी के राजेश यादव पर जानलेवा हमला प्रकरण में नया मोड़ आया है। श्री यादव ने पुलिस और मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि जानलेवा हमला के बाद गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया, जबकि इस घटना में सुरक्षा गार्ड मनोज कुमार गुप्ता और अन्य लोगों का हाथ है। उन्होंने बताया कि एसआईएस में गार्ड को ड्यूटी बांटते हैं। कुछ लोगों ने साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया है। हमले में नाक की हड्डी टूट गई है।ऑपरेशन किया गया है। दोनों पैरों में हॉकी स्टिक और रड से बुरी तरह पिटाई की गई थीं । अब केस उठाने के लिए तरह तरह का दबाव बनाया जा रहा है । लिखित शिकायत के बाद आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ नहीं की है। दूसरी ओर मनोज का कहना है कि आरोप लगाया जा रहा है। जबकि घटना के बाद हमलोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया था।

## बाघमारा में डीजल के साथ बोलेरो जब्त चालक गिरफ्तार

**कतरास।** ब्लॉक दो क्षेत्र के बेनीडीह कोल डंप के पास सीआईएसएफ की टीम ने बोलेरो समेत गैलनों में करीब ढाई सौ लीटर डीजल जब्त किया। चालक ब्रह्मदेव कुमार को पकड़ा। पूछताछ में चालक ने डीजल चोरी में संलिप्त कई लोगों का नाम बताया, जो कोलियरी क्षेत्र से डीजल टपाते हैं। सीआइएसएफ ने डीजल और बोलेरो समेत चालक को स्थानीय कोलियरी प्रबंधन के हवाले कर दिया। बीओसीपी के सिक्युरिटी गार्ड अरुण कुमार की लिखित शिकायत पर बाघमारा थाना की पुलिस ने गिरफ्तार चालक के अलावा बोलेरो के अज्ञात मालिक, रोहित कुमार, अनिश चौहान एवं सन्नी चौहान के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## ब्लाइंड स्कूल के बच्चों को कराया भोजन

**सिंदरी।** रोटरी क्लब से संबंधित इनर व्हील क्लब की महिला सदस्यों ने नवरात्र के अवसर पर अंतर ज्योति ब्लाइंड स्कूल के बच्चों को सुरुचि भोजन कराया। क्लब अध्यक्ष अनुपमा कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उनके साथ प्यार जताना है। बच्चों को सुरुचि भोजन के साथ न्यूट्रिशन फूड्स भी दिए गए। इसमें इनर व्हील क्लब अध्यक्ष अनुपमा कुमार, सचिव रीना कुमार, श्रुति राम, कविता, पुष्पा, प्रियांश, राजश्री सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

## 6 गतका खिलाड़ी एसजीएफआई के लिए चयनित

**धनबाद।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ,रांची के तत्वावधान में खेलो झारखंड के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्कूली एसजीएफआई खुली चयन ट्रायल प्रतियोगिता विगत 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर संपन्न हुई। यह ओपेन ट्रायल था, जिसमें झारखंड के किसी भी जिले के बालक-बालिकाएं भाग ले सकते थे। राजकमल विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने कहा कि उनके स्कूल के 6 गतका खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर विद्यालय का नाम बढ़ाया है। अब वे दिल्ली में भी अपना परचम लहराएंगे। बताते चलें कि 2 अक्टूबर को रांची खेल गांव के गणपत राय स्टेडियम में मैच खेला गया, जिसमें गतका संगठन के निर्णायकों ने प्रतियोगियों का चयन किया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता दिल्ली में दिसंबर में होगी।

# नारायणपुर के चितामि में डायरिया का बढ़ा प्रकोप, मेडिकल टीम अलर्ट

### एक की मौत, सिविल सर्जन के नेतृत्व में टीम पहुंची गांव

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के चितामि गांव में डायरिया का प्रकोप बढ़ रहा है। गांव की सबीरन बीबी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग अस्पताल में भर्ती हैं। मौत की सूचना मिलने पर मेडिकल टीम अलर्ट हो गई है। गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ आनन्द मोहन सोरेन के नेतृत्व में टीम ने चितामि गांव का भ्रमण किया। लोगों से पूछताछ की गई। गांव में दो लोग बीमार हैं। एक व्यक्ति का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य नारायणपुर में चल रहा है । दूसरा गोविंदपुर के एक निजी क्लीनिक में भर्ती है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महिला की मौत डायरिया के कारण नहीं हुई है, उसे दमा ,शुगर ,हृदय रोग एवं पित्त की थैली में स्टोन की बीमारी थी। महिला धनबाद एवं गिरिडीह के कई डॉक्टरों से अपना इलाज करा रही थी। उन्होंने कहा कि घर वालों ने पूछने पर बताया कि रात में खाना खाने के बाद सोया था। जब परिजनों ने 2 बजे रात उठकर देखा तो महिला की मौत हो चुकी थी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि गांव में एक मेडिकल की टीम रखी गई है ।लोगों की देखरेख की जा रही है।

## अनाज वितरण में अनियमितता के खिलाफ प्रदर्शन

**कतरास।** अनाज वितरण में अनियमितता का विरोध करते हुए उपभोक्ताओं ने गुरुवार को निचितपुर टू पंचायत सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि वे लोग महालक्ष्मी स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित पीडीएस दुकान के लाभुक हैं। जुलाई व अगस्त माह में पांच से दस किलो तक अनाज दिया गया और संचालक ने पूरे अनाज वितरण का ऑनलाइन रिसीव करा लिया। इस मामले की लिखित शिकायत दिए जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पात्रता के अनुसार सितंबर माह का अनाज वितरण कराने की मांग करते हुए कहा कि ऐसा नहीं किया गया तो पीडीएस दुकान के समक्ष धरना देने को बाध्य होंगे। इधर सूचना मिलने पर बाघमारा बीडीओ सुषमा आनंद ने प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधि से मोबाइल पर बात की। उन्होंने लिखित शिकायत मिलने के दस दिनों के अंदर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी वापस अपने अपने घर गए। प्रदर्शन में ज्योत्सना देवी, पायल देवी, नथु कुमार, लक्ष्मी देवी, उपासी देवी, उमेश कुमार, चुरामन कुम्हार, लखी देवी, खुशबू कुमारी, मोनिका देवी आदि शामिल थी।



## खनन टास्क फोर्स गोविंदपुर के 2 हार्ड कोक भट्ठों का औचक निरीक्षण

### छापेमारी में भट्ठों में मिला 3500 टन कच्चा कोयला और 400 टन हार्ड कोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कापासरा, रतनपुर स्थित अलका इस्पात प्राइवेट लिमिटेड तथा देवली, जंगलपुर स्थित केशव कोक इंडस्ट्रीज में औचक जांच की। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि आज खान निरीक्षक श्री बिनोद बिहारी प्रमाणिक तथा गोविंदपुर थाना प्रभारी श्री रुस्तम के साथ मिलकर उपरोक्त दोनों हार्ड कोक भट्ठों में औचक जांच की गई। जांच के क्रम में गणेश कुमार अग्रवाल के अलका इस्पात प्राइवेट लिमिटेड में लगभग 1500 टन कच्चा कोयला मिला। टीम ने उसके मुंशी सोनू अग्रवाल को कोयले से संबंधित परिवहन चालान, लाइसेंस, सीटीओ तथा अन्य कागजातों की मांग की। परंतु मुंशी कागजात दिखाने में असमर्थ रहा। कोयले का जिम्मा नामा मुंशी को सौंपकर उसे यथावत रखने तथा खनन कार्यालय में कोयले से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। अभियान की दूसरी कड़ी में टीम ने गोविंदपुर थाना क्षेत्र के देवली, जंगलपुर में उमंग कुमार गुप्ता, पिता हेमंत गुप्ता के केशव कोक इंडस्ट्रीज में औचक जांच की।जांच के क्रम में यहां लगभग 2000 टन कच्चा कोयला एवं 400 टन हार्ड कोक मिला। भट्ठा का मुंशी राजीव कुमार कोयले से संबंधित परिवहन चालान, लाइसेंस, सीटीओ तथा अन्य कागजात दिखाने में असमर्थ रहा। कोयले का जिम्मा नामा मुंशी को सौंपकर उसे यथावत रखने तथा खनन कार्यालय में कोयले से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

# जलापूर्ति की मांग पर बीसीकेयू ने चापापुर कोलियरी में उत्पादन और ट्रांसपोर्टिंग ठप



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** बिहार कोलयरी कामगार युनियन द्वारा गुरुवार को ईसीएल मुगमा एरिया के चापापुर कोलियरी में आवासों की मरम्मत एवं पेयजल आपूर्ति की मांग को लेकर सुबह 6 बजे से न्यू ओसीपी का उत्पादन एवं ट्रांसपोर्टिंग बंद कर दिया गया। बाद में लगभग दस बजे ईसीएल मुगमा एरिया के महाप्रबंधक एसके चौधरी ने दूरभाष पर क्वार्टर मरम्मत एवं पानी आपूर्ति को लेकर आंदोलनकारियों को आश्वस्त किया कि आझ से ही पानी आपूर्ति को दो घंटे मे सुचारु रूप से चालू कर देंगे। जब पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे पानी आपूर्ति बहाल हुई तो आंदोलन को स्थगित किया गया। बाद में मजदूर एवं कॉलोनी वासीयों द्वारा एक मांग पत्र अभिकर्ता चापापुर कोलियरी को दिया गया। आंदोलन में अमित मुखर्जी, बुधिराम, राजेन्द्र सिंह, बिपिन सिंह, उपेंद्र महतो, बीरु बाउरी, मकर बाउरी, धर्मेंद्र महतो, डब्लु सिंह, नन्दु राय, पिन्टु तिवारी, गणेश डाकुआ, कुन्दु भुइयां, तपन बाउरी सहित भारी संख्या में संगठित एवं असंगठित मजदूर तथा उनके परिवार के लोग भी शामिल थे।

## ईसीआरकेयू की कार्यशैली से रेल कर्मियों का बढ़ा विश्वास

### मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** ईसीआरकेयू की कार्यशैली और सक्रियता के कारण अनुशासित कैडर के प्रति रेलकर्मियों का विश्वास बढ़ा है। रेलकर्मियों से जुड़ी विभिन्न मांगों को मजबूती के साथ उठाते रहे हैं और समाधान का प्रयास भी किया है। यही वजह है कि आज विभिन्न संगठनों को छोड़ युवा इस संगठन से जुड़ रहे हैं। एकमात्र उद्देश्य एआईआरएफ ईसीआरकेयू को मजबूत करना है, ताकि यूनियन की मान्यता प्राप्त करने के लिए चुनाव में ईसीआरकेयू बहुमत लाकर अपनी दमदार उपस्थिति पुनः साबित कर सके। उक्त बातें रेलवे ऑडिटोरियम में आयोजित मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान ईसीआरएकेयू के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह देखते बन रहा था। यह संगठन के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है। केंद्रीय नेतृत्व व विभिन्न शाखा के पदाधिकारियों ने युवाओं को हौसला बढ़ाया। सम्मेलन में आईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा, ईसीआरएमयू के महामंत्री बीके सिंह, ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन, यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके ख्वास, मो वसीम, धीरेंद्र कुमार,अजय कुमार,अमित कुमार,जवाहर लाल, शंभू कुमार, संजय कुमार, राहुल, अंजनी कुमार, सोनु कुमार, कन्हैया पासवान, आर के निराला, संजय शर्मा, सुरेश महतो, आर के सिंह आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### एसटीजी डेको के काम से बैठाये गए कर्मियों ने की ट्रांसपोर्टिंग ठप



**कतरास।** गोविंदपुर क्षेत्र के न्यू आकाश किनारी कोलियरी में संचालित एसटीजी डेको (जेवी) द्वारा कार्य से बैठाए गए कर्मी गुरुवार दोपहर से आंदोलन पर उतर आये। कंपनी के मुख्य गेट धरना पर बैठ गए, जिससे ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बाधित है। कर्मी कार्य में योगदान देने की अनुमति कम्पनी प्रबंधन से मांग रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक काम बाधित था और कर्मी अपनी मांग पर अडिग हैं। प्रबन्धन के रवैये के खिलाफ अन्य कर्मी भी नाराज हैं। काम से बैठाये गए कर्मी प्रबंधन के आरोप को गलत बता रहे हैं। उनका कहना है कि कई फेज में11 कर्मियों को प्रबंधन ने बैठाया। फिर तीन लोगों को ज्वाइन करा दिया। आठ कर्मी बैठे हुए हैं।` उनके समक्ष परेशानी उत्पन्न हो गयी है। धरना देने वालों में समीर खान, राशिद अंसारी, शम्भू मंडल आदि शामिल हैं। कम्पनी प्रबंधक से संपर्क करने की कोशिश की गयी, लेकिन मोबाइल नोट रीचेबल बताया।

# किक बॉक्सिंग कोच को बीस वर्ष कैद की सजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** नाबालिक से दुष्कर्म करने के मामले में गुरुवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी चिरकुंडा निवासी किक बॉक्सिंग कोच विपुल मिश्रा को बीस वर्ष कैद एवं पच्चीस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर महिला थाने मे दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता किक बॉक्सिंग की खिलाड़ी थी ,जो आरोपी से किक बॉक्सिंग सिखती थी। आरोप था कि किक बॉक्सिंग के अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग कैंप मे आरोपी पीड़िता को दार्जिलिंग ले गया था। आरोप था कि एक सितंबर 23 से दस सितंबर के बिच यह धमकी देते हुए की यदि उसका बात नही माना तो उसे गेम में खेलने नहीं देंगे और उसका फोटो ,वीडियो वायरल कर देंगे ,उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया । आरोप था कि पीडित 22 सितंबर 23 को रांची खेल गांव में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेने रांची गई थी जहां आरोपी विपुल ने उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव देने लगा। इसका विरोध जब पीड़िता और उसके दोस्त आदित्य ने किया तो विपुल के सहयोगियों ने आदित्य के ऊपर जानलेवा हमला किया जिसकी प्राथमिकी खेल गांव थाने में दर्ज की गई । अनुसंधान के बाद पुलिस ने 31 दिसंबर 23 को विपुल के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 14 मार्च 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अभियोजन ने कुल नौ गवाहों का परीक्षण कराया था।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी दोषी करार

**धनबाद।** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी बरमसिया निवासी गुड्डू पासवान उर्फ सुमित कुमार को अदालत ने दोषी करार दिया है। धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख निर्धारित की है। कोर्ट में पीड़िता के अलावे सभी गवाहों ने अभियोजन के कथन का समर्थन किया ।पीड़िता के मां भी घटना का समर्थन करते हुए कहा था कि गुड्डू उसके घर में जबरन घुस गया था और उसके साथ गलत करने का प्रयास कर रहा था तो उसने गुड्डू के चंगुल से पीड़िता को बचाया था। प्राथमिकी पीड़िता के शिकायत पर धनसार थाने में 9 मार्च 24 को दर्ज की गई थी ।

## मैथन में महिला सम्मेलन में नारी उत्थान का लिया संकल्प

**मैथन।** मैथन क्षेत्र के कालीपहाड़ी पंचायत भवन में गुरुवार को महिला समिति का सम्मेलन हुआ, जिसका उद्घाटन मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन एवं मुखिया बबलू चौधरी ने किया। सम्मेलन में आसपास की क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सभी महिलाओं ने एकजुट होकर महिलाओं के उत्थान एवं विकास के साथ सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया। मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि महिलाएं जागरूक होंगी।

## नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा



**महुदा।** महुदा के ऊपर देवघरा स्थित पहाड़ी पर नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र चंडी महायज्ञ को लेकर पूजा-अर्चना एवं जयकारे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। मुख्य यजमान के रूप में धर्माबांध पंचायत के मुखिया पति धीरेन रवानी, महिलाएं व युवतियां कलश के साथ कतरी नदी तट पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरन कराया गया। इसके बाद महुदा बाजार समेत आसपास के गांव होते हुए श्रद्धालु वापस शिव पार्वती दुर्गा मंदिर के प्रांगण पहुंचे। वहां कलश रखकर मां की पूजा अर्चना शुरू की गई। पहाड़ी मंदिर विकास समिति देवघरा के लोगों ने बताया कि यहां विगत कई वर्षों से मां शक्ति की पूजा हो रही है। उसी की बगल में मां दुर्गा के मंदिर का निर्माण किया गया है। शारदीय नवरात्र में प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। कलश यात्रा में काफी संख्या में आस-पास क्षेत्र की महिला एवं युवतियां समेत धनबाद सांसद प्रतिनिधि शरद महतो, धनबाद जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह, जेबीकेएसएस सुप्रीमो जयराम महतो के साथ कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी द्वारा शीतल पेयजल और शरबत की व्यवस्था की गई थी।



## विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने सुनीं समस्याएं

**झरिया।** विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह गुरुवार को समस्याओ से अवगत होने झरिया के कोयरीबांध पहुंची। कोयरीबांध सुरक्षा समिति के सक्रिय सदस्य संजय गुप्ता ने विधायक को मांग पत्र देते हुए कहा कि वर्ष 2014 मे एरिया 9 के महाप्रबंधक स्थानीय लोगों कों आश्वत किया गया था कि ओबीनुमा पहाड़ के सुरक्षा की दृष्टि से कभी काटा नहीं जायेगा। कोयरीबांध, रामनगर बस्ती के बच्चों के लिए खेलने का ग्राउंड बनाया जाएगा। विगत 10 दिनों से पहाड़नुमा ओबी को काटने की तैयारी हो रही थी, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू किया है। झरिया पुराना रेलवे स्टेशन से दुःख हरणी मंदिर कों जोड़ने वाली सड़क के कोयरीबांध मे रोड के समीप खनन अधिनियम के विरुद्ध जाकर कुछ नई कंपनी आउटसोर्सिंग शुरू करने जा रही है, जिससे कोयरी बांध सहित पूरे झरिया बजार का अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। लोग कभी भी हादसे का शिकार हो सकते है। विधायक ने रजवार बस्ती आदि क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि किसी भी कीमत पर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। रजवार बस्ती के रैयतों को मुआवजा के साथ सुरक्षित स्थान पर बसाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, रामकृष्ण पाठक, बबलू सिंह, निवर्तमान पार्षद अनूप साव, झुन्नू गुप्ता, रत्नेश यादव, प्रीतम रवानी, राजीव पांडेय आदि मौजूद थे ।

## गोमो रेलवे मार्केट स्थित दो दुकानों में चोरी चौकीदार गिरफ्तार



**तोपचांची ।** बीती रात गोमो रेलवे मार्केट स्थित दो दुकानों में चोरों ने चोरी की। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंडल रेडिमेड ड्रेसेस और डिजिटल इमेज नामक साइबर दुकान में चोरों ने छत की शीट को तोड़कर चोरी की। सुबह जब दोनों दुकानदारों ने दुकान खोली तो सारा सामान बिखरा पड़ा था और बहुत सारे रेडिमेड कपड़े गायब हैं। वही बगल के साइबर कैफे दुकानदार ने कहा कि उसकी दुकान में भी चोरी हुई है। दराज में रखे 2500 रुपये और कुछ स्टेशनरी सामान गायब हैं। सूचना पाकर हरिहरपुर थाना प्रभारी गिरधर गोपाल दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी से कई दुकानदारों ने कहा कि इस मार्केट के दुकानों की सुरक्षा के लिए एक गार्ड रखा गया है, जिसकी लापरवाही के कारण यह घटना घटी है। थाना प्रभारी ने पूछने पर कहा कि जांच में पता चल रहा है कि चोरी आसपास के नशेड़ी बच्चों ने की है।

# झरिया विधायक का विकास फेसबुक और बैनरों तक सीमित

खबर मन्त्र संवाददाता




**झरिया।** झरिया धर्मशाला रोड स्थित पुराना अग्रवाल धर्मशाला में गुरुवार को झरिया विधनसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं द्वारा पत्रकार वार्ता की गई। वार्ता में मौजूद भाजपा नेताओं ने वर्तमान झरिया विधायक द्वारा विकास कार्य की बातों को महज सोशल मीडिया और बैनर पोस्टर का दिखावा बताया। शैलेश सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि झरिया विधायक द्वारा झरिया के चौमुखी विकास की बड़ी बड़ी बाते सिर्फ सोशल मीडिया और बैनर पोस्टर तक ही सीमित हैं। उन्हें धरातल पर नहीं उतारा गया। हकीकत यह है कि विधायक ने जो कहा, वह कभी नहीं किया। पांच वर्षों के कार्यकाल में झरिया शहर को विकास के नाम पर उपेक्षित किया गया है। उनके कार्यकाल में पानी, बिजली, सड़क, नाली आदि की समस्याओं से झरिया की जनता त्रस्त है। अब विधान सभा चुनाव की सरगर्मी धीरे धीरे करीब आ रही है तो विधायक को झरिया की जनता की आद आने लगी है। उनके पास जनता का सामना करने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। झरिया में पानी की समस्या से जनता त्रस्त है, गली मोहल्लों की बात तो दूर नवनिर्मित मुख्य सड़क तक पूरी तरह उखड़ गई है। अस्पतालों का बिल्डिंग सिर्फ कागजों तक सीमित है। अब ऐसे में जनता के बीच जाने के लिए भ्रम फैलाया जा रहा है कि आरएसपी कालेज को उन्होंने वापस लाया है।

## चुने हुए लोगों का विकास किये हैं कांग्रेस विधायक

पूर्व विधायक संजीव सिंह और पूर्व सांसद पी एन सिंह के प्रयास से ही बीसीसीएल ने जमीन का आवंटन किया था। पांच साल तक वर्तमान कांग्रेस विधायक ने सिर्फ अपने कुछ चुने हुए लोगों का विकास किया। आरोप लगाते हुए कहा कि 310 करोड़ की हर घर नल जल जैसी महत्वकांक्षी योजना अधर में लटकी है। मौके पर अरुण साव,अखिलेश सिंह, संतोष शर्मा अभिषेक पांडेय सुजीत सिन्हा सतीश सिंह, सुशील पासवान, राज माली मालाकार, दयानंद वर्मा, महेंद्र सिंह व कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# बोकारो : वेदांता ईएसएल कर्मियों का रन फॉर जीरो हंगर के समर्थन में वॉकथॉन का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने रन फॉर जीरो हंगर उद्देश्य के समर्थन में बोकारो शहर में वॉकथॉन का आयोजन किया। यह आयोजन भारत में सभी के लिए भूख से मुक्ति के दृष्टिकोण और वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन को लोकप्रिय बनाने के लिए किया गया था, जो वेदांता समूह द्वारा हर साल दिल्ली में आयोजित किया जाता है। इस मैराथन में पिछले संस्करण में 35000 से अधिक धावकों ने भाग लिया था।

जिसमें हाफ मैराथन ओपन 10के रन ग्रेट दिल्ली रन सीनियर सिटीजन रन एलीट पार्टिसिपेशन और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन सहित विभिन्न दौड़ श्रेणियां शामिल हैं। वॉकथॉन में चास एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता ईएसएल स्टील के सीईओ आशीष कुमार गुप्ता



सीएफओ आनंद दुबे सीओओ रवीश शर्मा सीएचआरओ श्यामली मिंज और सीसीओ आशीष भारद्वाज सहित सभी क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया।

इसके अलावा ईएसएल के लगभग 300 कर्मचारियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। कंपनी ने हर 1 किलोमीटर की दौड़ के लिए बच्चों को 1 भोजन उपलब्ध कराने की भी प्रतिबद्धता जताई है। ये भोजन वेदांता के लगभग 6000 नंद घरों के नेटवर्क में परोसा जाएगा जिनमें से 150 झारखंड में हैं और ईएसएल द्वारा समर्थित हैं। वॉकथॉन के शीर्ष तीन विजेताओं को सम्मानित किया गया।

इसके बाद प्रतिज्ञा दीवार पर प्रेरक उद्धरण लिखे गए और आयोजक टीम को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सीईओ आशीष कुमार गुप्ता ने इस पहल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भागीदारी वाले खेलों में जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को मौज-मस्ती फिटनेस और सबसे महत्वपूर्ण रूप से एक उद्देश्य के लिए एक साथ लाने की अपार शक्ति है।

# कुप्रथा से समाज को बचाने के लिए जन जागरुकता आवश्यक : डालसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बुधवार को पोड़ैयाहाट प्रखंड के कस्तूरी गांव के हरिजन टोला में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा की ओर गठित टीम में पीएलवी शंकर चंद्र सेन व मोहम्मद हसीब ने नालसा के प्रोजेक्ट वात्सल्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ के सेवन से बच्चे पतन की ओर जाते हैं। नशा बच्चे के विकास में बाधक बनती हैं। बताया गया कि यह नशीले पदार्थ कैसे परिवार के सुख एवं शांति को नष्ट कर देती है। प्रोजेक्ट वात्सल्य का मुख्य उद्देश्य यह है कि जो बच्चे नशा का शिकार हो गए हैं। उसके लिए पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। खासकर



सड़क पर या गंदी बस्ती में रहने वाले बच्चों की मैपिंग, प्रायोजन, फोस्टर योजनाओं के साथ जुड़ाव, रीनपास में इलाज एवं काउंसिलिंग, ऐसे बच्चों का सरकारी विद्यालयों में दाखिला (अधिमानतः सरकारी आवासीय विद्यालय में) व्यक्तिगत बाल देखभाल, योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने , ऐसे बच्चे का पुनर्वास पूरा होने तक उचित निगरानी करना शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न जगहों पर शिविर आयोजित कर विविध जानकारी दी गई। वहीं ग्रामीणों को बाल विवाह रोकने की दिशा में अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह कानूनी रूप से अपराध है। 18 वर्ष से कम उम्र में लड़की व 21 से कम उम्र में लड़का की शादी कराना गैर कानूनी है। यह उम्र बालक-बालिकाओं के विकास व पठन- पाठन के लिए उपयुक्त होता है। कम उम्र में शादी होना उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करना है। इसके लिए उभय पक्षों के अलावा पंडित, मौलवी, बाराती सहित शामिल होने वालों के लिए सजा व जुमार्ना का प्रावधान है। इसके लिए जन जागरुकता की जरुरत है।

## एक नजर में

### दुमका : चोरी करने की नियत से आये अपराधियों के साथ शिक्षक की हुई हाथापायी, मौत

दुमका। चोरी करने की नियत से आए अपराधियों एवं गृह स्वामी शशिकांत मुर्मू (28) के साथ मारपीट हो गई। अपराधियों की पिटाई से घायल गृहस्वामी की मौके पर ही मौत हो गई। जिस वक्त घटना हुई उस वक्त घर में कोई नहीं था। यह घटना बुधवार को देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के फंसियाडंगाल गांव में हुई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मुफस्सिल थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान करने में जुट गयी है। परिजनों ने घर से अलमारी तोड़कर नगद रुपया सहित सोने-चांदी के जेवरातों की चोरी कर लेने का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक मृतक मसलिया के कठलिया गांव के एक स्कूल में शिक्षक थे। उन्हें अनुकम्पा में नौकरी मिली थी। उनकी शादी हो गई थी, पर कोई संतान नहीं था। घर पर उनके अलावे परिवार में पत्नी और मां रहती थी। घटना की शाम पत्नी व मां को लेकर शिक्षक अपने ससुराल जामा थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव गए थे। गांव में मेला लगा था। उसकी पत्नी और मां ससुराल में रुक गई। वे अपने भतीजे के साथ वापस घर आ गए। बाद में भतीजा दोवारा मेला देखने चला गया। घर पर वे अकेले थे। अहले सुबह में परिजनों ने देखा कि शशिकांत मुर्मू उठे नहीं है। जब घर आकर देखा तो घर का दरवाजा खुला था और शिक्षक मृत पड़े थे। घर के अंदर रखे अलमारी खुला हुआ था और उसके अंदर से सभी कीमती सामानों की चोरी हो चुकी? थी। घर का सामान बिखरा पड़ा था। परिजनों ने आशंका जताते हुए बताया कि चोरी करने की नियत से अपराधी के घर में घुसा होगा। इसी बीच शिक्षक की नींद खुल गई होगी और अपराधियों व शिक्षक के बीच हाथापायी हो गई होगी। अपराधियों की पिटाई से शिक्षक की मौत हो गई। मृतक के शरीर में चोट के निशान भी पाए गए है। परिजनों ने बताया कि घर से लाखों की सम्पति भी चोरी हो गई है। घटना की जानकारी मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस गांव पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को अपने कब्जे में कर लिया। शव का पीजेएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने कहा कि शिक्षक घर का एकलौता संतान था। गांव में उसकी अकूत जमीन है। घर में पैसे की कोई कमी नहीं थी।

### बोकारो : नवरात्रि पर मिथिला महिला समिति ने की मां दुर्गा की आराधना



बोकारो। मिथिला सांस्कृतिक परिषद बोकारो की मिथिला महिला समिति द्वारा नवरात्रि पर मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सभागार में मां दुर्गा की आराधना की गई। कार्यक्रम की शुरूआत समिति की पूर्व अध्यक्षा किरण मिश्रा अमिता झा व वर्तमान अध्यक्षा सीमा झा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। समिति की अध्यक्षा सीमा झा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में शीला मिश्रा किरण मिश्रा अमिता झा नमिता झा आभा झा डॉ मंजू झा आशा झा मधुबाला झा आशा पाठक प्रेरणा ओझा वंदना झा रुचि प्रेरणा अलका झा सविता झा विनीता राय बबीता झा पद्मा चौधरी आदि ने मां दुर्गा की आरती की व भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति व गरबा एवं झिझिया नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मधुबाला विनीता बबीता रुचि वंदना प्रेरणा ने डांडिया नृत्य की प्रस्तुति की। अध्यक्ष सीमा झा ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

### बोकारो : ह्यूमैनिटी सेवियर्स के रक्तदान शिविर में ब्लडमैन ने 51वीं बार किया रक्तदान



बोकारो। ह्यूमैनिटी सेवियर्स बोकारो की ओर से रेड क्रॉस ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर का नेतृत्व संस्था के संस्थापक ब्लडमैन हरबंश सिंह सलूजा कर रहे थे। शिविर में मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद ने ब्लड मैन को गुलाब का फूल प्रदान कर एवं अपने हाथों से जूस पिला कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद उपरांत हरबंश सिंह सलूजा ने अपना 51वां रक्तदान किया। डीडीसी ने कहा कि बोकारो में कई संस्थाएं रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं, उनमें ब्लडमैन हरबंश सिंह सलूजा उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने भी संस्था के कार्यों की सराहना की। विश्व रिकॉर्ड धारक ब्लडमैन सलूजा ने कहा कि हमारी संस्था के रक्तदाता पिछले 16 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में सेवा कार्य दे रहे हैं एवं उनके माध्यम से अभी तक 15000 से भी अधिक यूनिट रक्तदान कराया जा चुका है। मौके पर जयदेव राय माया राय प्रवीण कुमार जय प्रकाश सिंह निकेश सिंह सौरभ चौहान संजय घोषाल चनप्रीत सिंह डॉ सुमन, डॉ पुष्पा अमन मल्लिक बिनोद चोपड़ा बी डी मिश्रा एसएन राय सुरेश बुधिया आदि मौजूद रहे।

### रसोइया संघ पूर्व शिक्षा सचिव के आदेश पर अड़ी

गोड्डा। जिले के सभी रसोईया एवं संयोजिका 7 अक्टूबर समय 11 बजे शहीद स्तंभ पर पहुंचेंगी। आपनी हक और अधिकार जो सरकार से लड़ाई के बल पर जीत हासिल की है वह आज गोड्डा के जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी छीनने पर लगी हुई हैं। जिला के सभी विद्यालयों में सरकार के पूर्व शिक्षा सचिव अराधना पटनायक द्वारा संयोजिका को नहीं हटाने का आदेश दिया था परन्तु वह आदेश आज जिला शिक्षा अधीक्षक सभी स्कूलों में प्रबंधन समिति का चुनाव करा कर संयोजिका को हटाने में लगी हुई है। जिसे झारखंड विद्यालय रसोईया संघ कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। वही रसोईया बहनों को भी कोई आरोप लगा कर स्कूलों के प्रधानाध्यापक/प्रखंड प्रसार पदाधिकारी के मिली भगत से यह काम कर रहे हैं।

### बेरमो : कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू, पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की आराधना



बेरमो/फुसरो। नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को विभिन्न पंडालों और मंदिरों में कलश स्थापित किया गया और मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना की गयी। कई लोगों ने घर में नवरात्र की पूजा शुरू की। कई मंडपों में सोमवार से ही संध्या आरती शुरू हो गयी। नवरात्र शुरू होने से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। फुसरो नगर क्षेत्र के करगली गेट दुर्गा मंदिर, ढोरी स्टाफ क्वार्टर दुर्गा मंदिर, बैंक मोड़ फुसरो दुर्गा मंदिर, सेंट्रल कॉलोनी दुर्गा मंदिर, जवाहर नगर दुर्गा मंदिर, शारदा कॉलोनी दुर्गा मंदिर, नावाखाली पाड़ा दुर्गा मंदिर, सुभाष नगर दुर्गा मंदिर, जवाहर नगर दुर्गा मंदिर, फुसरो स्टेशन दुर्गा मंदिर आदि पंडालों में कलश स्थापना की गयी। फुसरो नप क्षेत्र के नवाखाली पाड़ा करगली बाजार में बंगाली रीति-रिवाज के साथ पूजा हो रही है। यहां मां दुर्गा की एक अलग प्रतिमा स्थापित कर पूजा हो रही है।

### दुगार्पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



बेरमो/कथारा। दुर्गा पुजा को लेकर कथारा ओपी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। उक्त अवसर पर अध्यक्षता कर रहे गोमिया बीडीओ महादेव कु महतो ने कहा कि पूर्व की तरह फिर से सांप्रदायिक सौहार्द के लिए पूरे बोकारो जिला में मिशाल कायम कथारा ओपी करेगा। हिन्दु व मुस्लिम समुदाय के लोग दुर्गा पूजा का त्योहार शांति तथा सौहार्द पूर्ण माहौल में मनायेंगे। गोमिया सर्किल के इंस्पेक्टर महेश प्रसाद कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी समुदाय की ओर से गड़बड़ी करने वाले शरारती तत्वों के बारे में तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करेंगे। भक्ति, भाव व श्रद्धा से त्योहार मनाने से आपसी भाईचारा बढ़ता है। जिससे सांप्रदायिक सौहार्द बना रहता है। कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति ने कहा कि दुर्गा पूजनोत्सव के दौरान किसी प्रकार से शांति भंग करने वाले शारारती तत्वो, मजनूओ तथा सड़क पर तेजी से वाहन चालने वालो से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। पंडलो के आस पास सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बलो को प्रतिनियुक्ती की जायेगी। विभिन्न पूजा कमिटि के सदस्यो को अपने अपने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओ से थाना अवर निरीक्षक ने कहा कि मुख्य मांर्ग को जाम से मुक्ति रखने के लिए एक भी वाहन का ठहराव नही होने दिया जायेगा। वही पुजा के उपरांत विर्सजन के दौरान शारारती तत्वों पर पुलिस की कड़ी निगाह होगी। जरूरत पड़ने पर त्वरित कार्यवाही की जायेगी। बेरमो विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारे पर्व त्योहार आपसी सद्भाव और भाईचारे को बढ़ाने का संदेश देते हैं। एक दूसरे का मान सम्मान का ख्याल रखेंगे और सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत बनाते हुए क्षेत्र की परंपरा को कायम रखेंगे। इस मौके पर प्रमुख यूनियन प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधियों व सामाजिक नेताओं ने भी अपना अपना वक्तव्य दिया। मौके पर बीडीओ गोमिया महादेव कुमार महतो, गोमिया पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह ओपी थाना प्रभारी राजेश प्रजापति, सहायक अवर निरीक्षक के एन पाठक, गुप्तेश्वर पांडे, अजय कुमार सिंह, पूनम देवी राजकुमार यादव, देवेंद्र यादव, विजय यादव, मोहम्मद कमाल, राजेश पांडे, चंद्रदेव यादव, समसुल हक, रामविलास रजवार, कयामुद्दीन अंसारी, गोविंद यादव, देवेंद्र यादव, विजय यादव, मुर्शिद अली, विजय कुमार सिंह, छोटी यादव, मोहम्मद रहीम, कृष्णा रजवार, सविता सिंह, आलम राजा, लखन यादव आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### गोमिया : हादसे में फल दुकानदार की मौत

बेरमो। गोमिया-गोमिया के आईईएल रोड पर बुधवार की शाम लगभग 4 बजे एक होंडा बाइक के धक्के से 22 वर्षीय फल दुकानदार शेख रजा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें आनन-फानन में पास के आर्डियर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची स्थित आर्चिड अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन इलाज के दौरान चिकित्सकों ने शेख रजा को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने टक्कर मारने वाली बाइक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच जारी है। शेख रजा की असमय मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### गोमिया में युवक ने की आत्महत्या

बेरमो/गोमिया। आइइएल थाना क्षेत्र अंतर्गत गोमिया बैंक मोड़ के समीप बुधवार शाम विशेश्वर साव उर्फ चिंगड़ी (35 वर्ष) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही आइइएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच शुरू की। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि विशेश्वर साव रोज की तरह शाम को घर आए और भीतर चले गए, जबकि घर के अन्य सदस्य बाहर दुकान पर बैठे थे। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आए, तो परिजन उन्हें देखने अंदर गए और पाया कि वह फांसी के फंदे पर लटके हुए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। मृतक की शादी हो चुकी थी और उनके एक पुत्र और एक पुत्री है।

### अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा ने मनाई अग्रसेन जयंती



बेरमो/बोकारो। अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के तत्वाधान में बोकारो के अग्रसेन भवन में महाराजा श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाए गए कार्यक्रम में सर्वप्रथम अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सुधीर अग्रवाल चितरंजन अग्रवाल मानिक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा में पुस्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम का संचालन सुसांत राइका ने की। अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल एक प्रतापी राजा ही नहीं बल्कि क्षमता और रमता की प्रतिमूर्ति थे। कुल के पितामह महाराजा अग्रसेन जी महाराज के द्वारा बताया मार्गों पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय अग्रवाल नंदकिशोर जी दीपक बंसल प्रवीण अग्रवाल नीतीश अग्रवाल अमर अग्रवाल मनोहर अग्रवाल विजय अग्रवाल जुगनू अग्रवाल केशव प्रसाद दीपक बंसल विनीत उपस्थित रहे।

### पीड़िता गुलाबसा ने युवा व्यवसाई संघ से लगाई मदद की गुहार

बेरमो। युवा व्यवसाई संघ फुसरो के प्रधान कार्यालय में गुलाबासा प्रवीण ने मदद के लिए गुहार लगाई। प्रवीण का कहना है कि उसके ससुराल वाले उनको प्रताड़ित करते हैं उनके मामा ससुर खुर्सीद अंसारी जो रहीमगंज फुसरो के रहने वाले है। उनके साथ अभद्र व्यवहार करते है। उनके पति द्वारा उनका गर्भपात करवाया गया था जिसका प्रमाण भी है। बेरमो महिला थाना में मामला भी दर्ज हो चुका है। लेकिन थाना द्वारा उन्हें समझौता करने का दवाब बनाया जा रहा है। गुलाबशा ने कहा कि उसके बच्चे को दिल की गंभीर बिमारी है डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए बोला है। बच्चे का उसके पति के द्वारा इलाज नही करवाया जा रहा है। अपनी समस्या को संघ के अध्यक्ष के समक्ष रखकर करवाई करने हेतु मदद मांगी है।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने गोमिया से किया झारखंड नव निर्माण यात्रा की शुरूआत, कहा

# हेमंत सरकार ने युवाओं को ठगा

### सुदेश महतो ने कहा कि सरकार ने एक भी वायदा पूरा नही किया





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/गोमिया।** गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर आजसू पार्टी द्वारा गोमिया में पद यात्रा निकाली गई। पद यात्रा के नेतृत्व गोमियाके विधायक डॉ लम्बोदर महतो कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के सुप्रीमो व पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। सेकंडों महिला व पुरूष जुलूस के शक्ल में पद यात्रा का शुरूआत गोमिया 10 प्लस टू स्कूल से होकर गोमिया पोस्ट ऑफिस मोड़ होते हुए स्वांग वन बी में नुक्कड़ सभा के रूप में समाप्त हुई। सभा को सम्बोधित करते हुए आजसू पार्टी के सुप्रीम व अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन की राज्य सरकार ने सबसे अधिक युवाओं को ठगा है। हेमंत सरकार ने 2019 में जिस उम्मीद से जनता से वोट लेकर सरकार बनाया लेकिन एक भी वायदे पूरा नही किया। चुनाव के समय महिलाओं को समान देने के नाम पर बरगलाने का काम कर रही है। इस सरकार को आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकने की जरूरत है। इस प्रदेश के नव निर्माण के लिए पूरे झारखंड में पद यात्रा की जाएगी। जिसकी शुरूआत गोमिया व डुमरी विधान क्षेत्र की गई है। उन्होंने कहा कि गोमिया में महात्मा गांधी का लगाव रहा है इस लिये इस जगह से झारखंड नव निर्माण यात्रा किया है इसी दिन हमलोगों ने सबसे बड़ा मानव श्रखला बनाने का रिकार्ड बनाया है। मेरा संबंध गोमिया में वोट के रूप में नही बल्कि एक परिवार के रूप में है। अपने गोमिया विधानसभा क्षेत्र में विकास पुरूष में डॉ लम्बोदर महतो को विधायक बनाया है। उसे बराकर रखना है। विधानसभा में सबसे अधिक अधिक प्रश्न के 24 गुना 7 कोल सेंटर की शुरूआत की गई। जिसका समस्या का निष्पादन किया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड के सवार्गीण विकास के लिए एन डीए की सरकार बनाने के आवश्यकता है। लम्बोदर महतो ने कहा कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास हुआ है। गोमिया में विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का काम किया है। जनता को गोमिया के सवार्गीण विकास के लिए 2024 के विधानसभा चुनाव में एक बार मौका देना चाहिए। इस मौके केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, नेत्री कौशिल्या देवी, जिला अध्यक्ष सचिन कुमार महतो, संतोष कुमार महतो, कृष्णा निषाद, विपिन कुमार, केदारनाथ स्वर्णकार, महेश महतो, मुखिया सपना कुमारी, आदित्य महतो, बलराम रजक, इंद्रनाथ महतो मालती देवी, प्रमिला चौड़े सहित महिला पुरुष शामिल थे।

# दुमका : शारदीय नवरात्र में प्रथम दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** शारदीय नवरात्र को लेकर उपराजधानी दुमका के जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंड के दुर्गा मंदिरों में श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास से चंडी पाठ का शुभारंभ गुरूवार से हुआ। नौ दिवसीय दुर्गा पूजा के प्रथम दिन दुर्गा माता के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना हुई। मंदिरों में महिला एवं पुरुष उपासकों ने मंदिर परिसर में उपस्थित होकर चंडी पाठ का श्रवण किया। शहर के धर्मस्थान, दुर्गा स्थान, शिवपहाड़, यज्ञ मैदान, जेल परिसर, बाबुपाड़ा, न्यू बाबुपाड़ा, कुम्हारपाड़ा, रसिकपुर, सोनवाडंगाल, डंगालपाड़ा, दुधानी, बंदजोरी आदि जगहों पर दुर्गा पूजा को लेकर भव्य पूजा पंडाल का निर्माण जारी है। मंदिरों और पूजा पंडाल में पहली पूजा को माता का प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर आरती में भी भाग लेते हैं और चरणामृत रूपी महाप्रसाद श्रद्धालू ग्रहण करते हैं। फिर संध्या पूजा आरती में भी सभी श्रद्धालु भाग लेते हैं। आरती भजन आदि से 12 दिनों तक माहौल भक्तिमय बना रहता है। प्रथम पूजा के एक दिन पहले महालया की तिथि के अवसर से ही ढोल, बाजे पर भजन,कीर्तन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो जाता है। 11 वीं तिथि के बाद प्रतिमा विसर्जित की जाती है। दुर्गा मंदिर परिसर में प्रथम पूजा से ही धीरे-धीरे मेला लगना शुरू हो गया है। मंदिर परिसर में लगे मेले में फल, फूल, मिष्ठान, चुन्दरी, माला आदि पूजन सामग्री आदि की दुकानें सज रही है। बच्चे मेले का लुत्फ उठाने में जुट गये है।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर सड़क पर उतरे छात्र, यातायात ठप

मांगे पूरी नहीं होने पर छात्रों ने अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी की हेमंत सरकार को दी चेतावनी



जाम करते छात्र एवं जाम में फंसे वाहन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** हाल ही में संपन्न हुए जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय छात्र समन्वय समिति ने झारखंड बंद का मिला-जुला असर रहा। छात्र सड़कों पर उतर साहिबगंज-गोविंदपुर हाइवे रिंग रोड को फूलो झानो चौक के समीप जाम कर दिया। जाम में दर्जनों वाहन घंटो फंसे रहे। यातायात परिचालन पूरी तरह से ठप रही। हलांकि बाजारे खुली रही। प्रदर्शनकारी छात्रों ने हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्र हेमंत सोरेन पर नौकरियों को बेचने का आरोप लगा रहे थे। छात्रों के इस विरोध का असर दुमका-पाकुड़, दुमका-साहिबगंज, दुमका-सिउड़ी के आवागमन पर पड़ा है। सड़क पर उतरे छात्रों ने सरकार से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को रद्द करने का मांग करते हुए आयोजित परीक्षा में कदाचारपूर्ण परीक्षा होने की बात कही। परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्र लीक होने का छात्रों ने आरोप लगाया। छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम ने कहा कि एक तो पिछले साढ़े चार वर्षों में इस सरकार ने बेरोजगारों को नौकरी नहीं दी और अब जब सरकार का कार्यकाल पूरा हो रहा है, तो परीक्षा ली गई। लेकिन इसमें भी व्यापक अनियमितता बरती गई। इसलिए छात्र के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे जल्द से जल्द रद्द करने का मांग किया। मांगें पूरी नहीं होने पर छात्र नेताओं ने आर्थिक नाकेबंदी की चेतावनी दी है। छात्रों का कहना है कि अगर इस एग्जाम को रद्द नहीं किया जाता है, तो आज हम लोगों ने सिर्फ सड़क जाम किया है।

आने वाले दिनों में पूरे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी करेंगे। आर्थिक नाकेबंदी अनिश्चितकालीन होगा और इस पूरे मामले की जिम्मेदारी हेमंत सरकार की होगी। इधर आदिवासी क्रांति सेना ने भी मांगों को लेकर छात्र समन्वय समिति का समर्थन किया। छात्र नेताओं में राजीव बास्की, राजेंद्र मुर्मू, ठाकुर हांसदा आदि मौजूद रहे।

# डीपीएस बोकारो की डॉ सरिता समेत दो शिक्षिकाओं को मिला गार्गी मंजू सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डीपीएस बोकारो की प्रधानाध्यापिका डॉ सरिता गंगवार एवं प्राथमिक इकाई की वरीय शिक्षिका पिया रानी सेन को प्रतिष्ठित गार्गी मंजू शिक्षक सम्मान 2024 से नवाजा गया है।

रांची के टेंडर हार्ट स्कूल में आयोजित राज्यस्तरीय एक समारोह के दौरान झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन दक्षिणी छोटानागपुर के पुलिस निरीक्षक अखिलेश कुमार झा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति बीपी सिन्हा एवं टेंडर हार्ट स्कूल के चेयरमैन सुधीर तिवारी के हाथों शिक्षिकाद्वय सम्मानित की गईं। टेंडर हार्ट स्कूल में संस्थापक गार्गी मंजू की स्मृति में आयोजित उक्त समारोह में झारखंड बिहार ओडिशा और पश्चिम बंगाल के 110 विद्यालयों के 225 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

उन्हें 11 हजार रुपए नकद स्मृति-चिह्न प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने भारत को विश्वगुरु बनाने में शिक्षकों के योगदान को सर्वोपरि बताया।

शिक्षकों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता करते हुए प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# बोकारो अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने की हड़ताल की घोषणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने 19 अक्टूबर को बीएसएल में हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय पांचों एनजेसीएस यूनियनों द्वारा सेल प्रबंधन की कथित अनदेखी और कर्मचारियों के प्रति उनकी उदासीनता के कारण लिया गया है। यूनियन के अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि सेल के कर्मचारियों में असंतोष की लहर है। खासकर ठोस प्रोडक्शन आधारित फॉमूर्ला बनाने की बजाय मछली बाजार की तरह मोलभाव करने के चलते। बीएकेएस बोकारो ने यह भी कहा है कि एनजेसीएस की नाकामी और सेल प्रबंधन की तानाशाही के कारण कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। भिलाई और बोकारो में निलंबन इंक्रीमेंट में कटौती और स्थानांतरित कर्मियों के मुद्दे को हल न करने से कर्मचारियों को पहले ही लाखों का नुकसान हो चुका है। हाल ही में वेतन पुनरीक्षण में एमजीबी और पर्क्स प्रतिशत में कटौती 39 माह के फिटमेंट एरियर का न मिलना और पर्क्स एरियर में भेदभाव ने कर्मचारियों के आक्रोश को और बढ़ा दिया है। अब एनजेसीएस नेताओं द्वारा बिना ठोस फॉमूर्ला के केवल 52000 रुपए की मांग करने पर कर्मचारी पहले से ही असंतुष्ट हैं। हरिओम ने कहा कि एनजेसीएस के नेता जो दिल्ली और मुंबई में रहते हैं उन्हें कर्मचारियों के हितों से कोई सरोकार नहीं है।

